# कार्यालय नगर पालिका विद्या विहार पिलानी (राजस्थान)

E-Mail:-vidhyavihar@gmail.com Phone no. 01596-242269

क्रमांकः– न0पा0वि0वि0/817 दिनांकः–03.07.2019

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका विद्या विहार के आगामी चुनाव हेतू पुनर्गठित वार्डों के सीमांकन के प्रस्ताव निम्नानुसार तैयार किय गये हैः–

| क्र.सं. | वार्ड सं. | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 1. | नगर पालिका विद्या विहार सीमा के उत्तरी – पश्चिमी कोने से पालिका की पश्चिमी सीमा के सहारे – सहारे दक्षिण की तरफ चलते हुये बांये हाथ की आबादी को शामिल करते हुये सरावगियों के कुयें को शामिल कर सीरी कैम्पस की दीवार के पास आकर उत्तर की तरफ चांद सरावगी से घूमकर उत्तर दिशा में चलते हुये बांये हाथ की आबादी को शामिल करते हुये सीधे राजगढ रोड़ पर आकर औम प्रकाश सैनी को शामिल कर उत्तर दिशा में चलकर श्रीमती सरिता देवी के मकान को शामिल करते हुये वापस पश्चिम में पालिका सीमा के सहारे – सहारे बांये हाथ की आबादी को शामिल कर मुख्य बिन्दू तक। |
| 2 | 2. | श्री के. एस. शर्मा के मकान के सामने स्थित ट्रांसफोर्मर से पश्चिम की तरफ झेरली रोड़ पर चलते हुये सरहद मौजा झेरली पर पहुँच कर यहां से दक्षिण की तरफ सीमा रेखा पर चलते हुये खसरा नं0 1 के दक्षिण पश्चिम कोने से खसरा नं0 1,11,13,14,16 को शामिल करते हुये सीरी कैम्पस के दक्षिण पश्चिम कोने पर पहुंच कर कैम्पस दीवार के उत्तर की तरफ चलते हुये सीरी के मुख्य भाग को शामिल करते हुये विवके पथ पर आकर उत्तर में चलते हुये विक्रम सारा भाई मार्ग पर क्वाटर नं0 एफ – 29 से पूर्व की तरफ चलते हुये एफ – 24 के पास सुंदर कुंज रास्ते पर उत्तर में चलते हुये बांये हाथ की आबादी को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिन्दू पर। |
| 3 | 3 | शनि मन्दिर से बांये हाथ की आबादी शामिल करते हुये पश्चिम में महेश सोनी के मकान को शामिल कर विद्या विहार की सीमा के सहारे सहारे दक्षिण में राजस्व ग्राम हनुमनतपुरा की सीमा के सहारे सहारे पूर्व में वापस मैन सड़क पर आकर पश्चिम में वापस प्रारम्भिक बिन्दू तक। |
| 4 | 4. | क्वाटर नंम्बर 26/2 के उत्तरी – पश्चिमी कोने से कैम्पस की दीवार के सहारे–सहारे दक्षिण में चलते हुये कैम्पस की दक्षिणी पश्चिमी कोने से पूर्व में घूमकर पश्चिमी दीवार के साथ – साथ चलते हुये डेरी क्वाटर्स को पूर्व में छोड़ते हुये उत्तर में चलकर 219 डी के पास आकर उत्तर में चलते हुये बांये हाथ की समस्त आबादी को शामिल करते हुये शिशुविहार के उत्तरी – पश्चिमी 6कोने पर पहुंचकर पश्चिम में चलते हुये मीरा भवन को शामिल करते हुये दक्षिणी – पश्चिमी कोने से पश्चिम में चलते हुये पूजा ग्राउण्ड को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिन्दू पर। |
| 5 | 5. | विद्यापीठ के उत्तरी – पश्चिमी कोने से दक्षिण में चलते हुये विद्यापीठ के स्टाफ क्वाटर्स को शामिल कर विद्यापीठ के दक्षिण – पश्चिमी कोने से पूर्व में चलकर मीरा भवन को दाहिने छोड़ते हुये शिशु विहार के उत्तरी – पश्चिमी कोने से दक्षिण में चलकर क्वाटर नं0 207 डी को छोड़कर |

Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | | कैम्पस बाउण्डरी के सहारे – सहारे पूर्व की ओर चलते हुये एनसीसी क्वाटर्स के पास सीढीयों के रास्ते कैम्पस एरिया में प्रवेश कर उत्तर में चलते हुये बांये हाथ की आबादी को शामिल करते हुये श्री वी पी बेरी के क्वाटर के पास पश्चिम की ओर मुड़कर बांये हाथ की आबादी को शामिल कर करते हुये डेयरी की सड़क पर पहुंच कर उत्तर में एल्यूमिनियम होम को दाहिनी ओर छोड़ते हुये कोठी नं0 1 को शामिल कर उत्तरी – पूर्वी कोने से पश्चिम में चलते हुये व्यास भवन के दक्षिणी – पश्चिमी कोने पर पहुंचकर उत्तर की तरफ चलकर व्यास भवन को दाहिने छोड़ते हुये व्यास भवन के उत्तरी – पश्चिमी कोने से पूर्व की ओर चलकर पूर्वी – उत्तरी कोने पर आकर सड़क – सड़क उत्तर की चलते हुये बांये हाथ की आबादी को शामिल कर जिमनेजियम चौराहे पर पहुंच कर जिमनेजियम के चौराहे के उत्तरी – पश्चिमी कोने से पश्चिम की ओर चलते हुये बांये हाथ की समस्त आबादी को शामिल करते हुये वापस प्रारम्भिक बिन्दू पर। |
| 6 | 6. | म्यूजियम के पश्चिमी उत्तरी कोने से दक्षिण में चलकर कैम्पस की दीवार के सहारे – सहारे चलते हुये क्वाटर नं0 61/1 के दक्षिणी – पश्चिमी कोने से पूर्व में चलते हुये पूजा ग्राउण्ड को दाहिनी ओर छोड़कर मीरा भवन की दीवार के सहारे – सहारे उत्तर में चलकर सामने विद्यापीठ की दीवार से पश्चिम में मुड़ते हुये विद्यापीठ के सहारे – सहारे बांये हाथ की आबादी को शामिल कर दक्षिणी–पूर्वी कोने पर पहुंचकर पश्चिमी गेट से पूर्व में चलते हुये गांधी स्टेच्यू से डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की स्टेच्यू के पूर्व में चलते हुये राणा प्रताप भवन के उत्तरी – पश्चिमी कोने से दक्षिण में चलते हुये अशोक भवन के दक्षिणी पूर्वी कोने से उत्तर में सड़क के सहारे चलते हुये यूको बैंक के पश्चिम में पोस्ट ऑफिस को दाहिनी ओर छोड़ते हुये बांये हाथ की आबादी को टेलिफोन ऑफिस के पश्चिम कोने से की सीमा चलते हुये वापस कैम्पस की दीवार के सहारे – सहारे प्रारम्भिक बिन्दू पर। |
| 7 | 7. | राजगढ रोड पर औद्योगिक क्षेत्र के दक्षिणी पश्चिमी कोने से दक्षिण में सड़क–सड़क चलकर झेरली रोड़ से पश्चिम में चलकर श्री एस के शर्मा के मकान के सामने से सीरी कैम्पस सुंदर कुंज के रास्ते दक्षिण की तरफ चलते हुये विक्रम सारा भाई मार्ग पहुंचकर दक्षिण में चलकर सीधे सीरी की बाउण्डरी पर आकर सीरी के दक्षिणी गेट से बी.आई.टी.एस. लाईब्रेरी को पश्चिम में छोड़ते हुये टेलिफोन एक्सचेंज व पोस्ट ऑफिस को शामिल करते हुये बी.आई.टी.एस. की बाउण्डरी होते हुये सीरी की पूर्वी दीवार चलते हुये पूर्वी गेट से राजगढ रोड़ – रोड़ पश्चिम में चलकर वापस प्रारम्भिक बिन्दू पर। |
| 8 | 8. | नगरपालिका उत्तरी पश्चिमी सीमा राजगढ रोड से पालिका की पश्चिमी सीमा के सहारे सहारे दक्षिण में चलते हुए बाएँ हाथ आबादी को शामिल करते हुए झेरली रोड तक, झेरली रोड से रोड रोड चलते हुए रघुवीर सिंह के मकान को शामिल कर उत्तर दिशा में राजगढ रोड पर आकर राजगढ रोड से पश्चिम में प्रारम्भ बिन्दु तक। |
| 9 | 9. | राजगढ रोड बनवारी खाती को शामिल कर दक्षिण में सीधे बी टी टी आई दीवार तक दीवार दीवार पूर्व में चलते हुए बीटीटीआई के उत्तरी पूर्वी कोणे से सीधे दक्षिण में रोड पर पहुँचकर पूर्व में सडक सडक चलते हुए त्रिवेणी प्याऊ तक बाएँ हाथ की आबादी को शामिल करते हुए। त्रिवेणी |

Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | | प्याऊ से उत्तर मे राजगढ रोड चलते हुए प्रारम्भिक बिन्दु तक। |
| 10 | 10. | सीरी के दक्षिणी मुख्य द्वार से पूर्व मे सडक सडक चलते हुए दक्षिण मे सडक सडक चलकर श्री हवा सिंह राहड के मकान से घूमकर सडक सडक चलकर श्री रविकान्त के मकान से दक्षिण में सडक सडक चलकर राजपूत छात्रावास से पूर्व में घूमकर सडक सडक चलकर शेखावाटी ग्रामीण बैंक के आगे से सडक सडक चलकर कैम्पस के मुख्य द्वारा पर पहुँच कर चुंगी नं0 2 पर आकर उत्तर की ओर राजगढ रोड चलते हुए प्रभु मीणा की दुकान से पश्चिम की ओर चलते हुए श्री किशन सिंह सुबेदार के मकान के दक्षिणी पूर्वी कोणे पर पहुँच कर उत्तर में सडक सडक चलते हुए बाएँ हाथ की आबादी को शामिल करते हुए लक्ष्मीनारायण मन्दिर को दाहिनी ओर छोडते हुए मन्दिर के सामने सीवरेज प्लान्ट को शामिल करते हुए सीवरेज पलान्ट की बाउन्डरी पर चलते हुए सीरी रोड पर आकर पश्चिम में चलकर सीरी के पूर्वी मुख्य द्वार पर आकर दक्षिण में घूमकर वापस प्रारम्भिक बिन्दू पर |
| 11 | 11. | सीवरेज प्लान्ट के उत्तरी पूर्वी कोणे से त्रिवेणी प्याऊ पहुँच कर दक्षिण में चलते हुए बॉए हाथ की आबादी को शामिल करते हुए वैद्य हार्डवेयर के दक्षिणी पूर्वी कोणे पर पहुँचकर पश्चिम में चलते हुए अमीलाल चौधरी के पश्चिमी उत्तरी कोणे पर पहुँचकर केशरदेव अग्रवाल के दक्षिणी पश्चिमी कोणे से पश्चिम में चलकर मनीराम कादयान के दक्षिणी पश्चिमी कोणे से प्रारम्भिक बिन्दू तक व राजपूत छात्रावास, सूरजमल स्वामी व महावीर स्वामी को शामिल करते हुए। |
| 12 | 12. | विद्या विहार कैम्पस के पूर्वी गेट से पश्चिम में चलते हुये अशोक भवन के दक्षिणी – पश्चिमी कोने से उत्तर में चलते हुये वर्कशॉप के दक्षिणी – पश्चिमी कोने पर पहुंचकर दांये हाथ की आबादी को छोड़कर पचिाम में चलकर डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की सटेच्यू से दक्षिण में चलकर गांधी स्टेच्यू के पास आकर पूर्व में चलते हुये जीम के पश्चिमी – उत्तरी कोने से दक्षिण में चलकर मेडिकल सेंटर के उत्तरी – पश्चिमी कोने से पूर्व में चलते हुये डॉ0 पारीक के क्वाटर के पास से उत्तर में चलते हुये क्वाटश्र बी–71 के उत्तरी – पश्चिमी कोने से पूर्व में कैम्पस की दीवार के सीरे – सहारे चलते हुये बांये हाथ की आबादी को शामिल कर दीवार के सहारे – सहारे प्रारम्भिक बिन्दू पर। |
| 13 | 13. | शंकर भवन के पश्चिमी उत्तरी कोने से दक्षिण में चलते हुये व्यास भवन को शामिल कर मेडिकल सेंटर के उत्तरी – पश्चिमी कोने से दक्षिण में चलकर बांये हाथ की आबादी को शामिल करते हुये बाहर पुलिया पर से होते हुये एल्यूमेनियम होम को शाामिल करते हुये श्री रोशनलाल के क्वाटर के दक्षिणी – पश्चिमी कोने से पूर्व की ओर चलते हुये बांये हाथ की आबादी को शामिल करते हुये ताराचन्द के क्वाटर के पास पहुंचकर दक्षिण की ओर कैम्पस की दीवार पर पहुंचकर पूर्व में चलते हुये दक्षिणी पूर्वी कोने से दीवार के सहारे – सहारे श्री ख्याली शर्मा के मकान से पश्चिम में चलकर डॉ0 के क्वाटर से होते हुये मेडिकल सेंटर के कोने से उत्तर में चलते हुये जीम के उत्तरी – पश्चिमी कोने से पश्चिम में वापस प्रारम्भिक बिन्दू पर। |
| 14 | 14. | घुमनसर रास्ते से BITS की दीवार के सहारे सहारे उत्तर में CEERI की दीवार की तरफ से पष्चिम में दीवार के सहारे–सहारे विद्या विहार सीमा तक व दक्षिण में घुमकर पालिका सीमा के मध्य घुमनसर रास्ते तक पूर्व में घुमनसर रास्ते से प्रारम्भिक बिन्दू तक। |

Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 15 | 15. | बीड़ के उत्तरी पश्चिमी कोणे से खेडला का बास जाने वाले सड़क पर चलते हुए श्री ख्यालीराम को शामिल करते हुए कैम्पस के दक्षिणी पश्चिमी कोणे से पूर्व में पातालपुरी कृषि फार्म की सीमा के सहारे सहारे चलते हुए श्री जेश नाई की प्याऊ को शामिल करते हुए सड़क के उत्तर में चलते हुए चन्द्र भवन कोठी के दक्षिणी पूर्वी कोणे पर आकर चन्द्र भवन कोठी की बाउण्डरी के साथ साथ पश्चिम में चलते हुए चन्द्रभवन कोठी को दाहिने छोडते हुए उत्तर में चलकर चन्द्र भवन के उत्तरी पश्चिमी कोणे से पश्चिम में चलते हुए बिरला सार्वजनिक अस्पताल के दक्षिणी पश्चिमी कोणे से उत्तर में चलते हुए बाएँ हाथ की आबादी को शामिल करते हुए बिरला सार्वजनिक अस्पताल के उत्तरी गेट से उत्तर में चलते हुए बेडवाल अस्पताल में उत्तरी पूर्वी कोणे से पश्चिम में चलते हुए नई सडक पर आकर उत्तर में चलते हुए बिरला हॉस्टल के पूर्वी उत्तरी कोणे से पश्चिम में चलते हुए आईस फैक्टरी से संस्कृत कॉलेज के उत्तरी पश्चिमी कोणे से पश्चिम में सीधे विक्ट्री गैस ऑफिस के सामने सर्किल से पश्चिम में सड़क सडक चलते हुए हरिजन गेट के उत्तर में कैम्पस की दीवार के सहारे सहारे चलते हुए राजपूत हॉस्टल को दाहिने छोडते हुए यूकों बैंक के पूर्वी उत्तरी कोणे से पश्चिम में चलते हुए यूकों बैंक को शामिल करते हुए दक्षिण में चलते हुए मुख्य सडक पर आकर हरिजन गेट से निकल कर प्रारम्भिक बिन्दु तक। |
| 16 | 16. | बिरला हॉस्टल से दक्षिण के तरफ चलकर बिरला सार्वजनिक अस्पताल के दक्षिण पश्चिम कोने को शामिल करते हुए पेट्रोल पम्प से मुख्य सड़क के सहारे–सहारे भगत सिंह सर्किल को शामिल कर पिलानी नगर पालिका की सीमा के सहारे सहारे प्रारम्भिक बिन्दू तक। |
| 17 | 17. | भगत सिंह सर्किल से पूर्व में चलते हुये बिरला पब्लिक स्कूल गेट के अन्दर चलकर बने हुये मकानात एवं स्कूल मय हॉस्टल , खेल मैदान आदि को शामिल कर पुनः भगत सिंह सर्किल प्रारम्भिक बिन्दू पर। |
| 18 | 18. | गोयनका हवेली के उत्तरी – पश्चिमी कोने से दक्षिण में चलकर बांये हाथ की आबादी को शामिल कर पंचवटी को दाहिने छोड़ते हुये पूर्व में चलते हुये भगत सिंह रोड़ पर चलते हुये बांये हाथ की आबादी नगर पालिका पिलानी की सीमा तक के मकानात शामिल करते हुये व बिरला हॉस्टल को दांये छोड़ते हुये दक्षिण दिशा में मुड़कर बिरला सार्वजनिक अस्पताल की पिछली बाउण्डरी के सहारे– सहारे पूर्व में चलकर बांये हाथ की आबादी को शामिल कर चिड़ावा रोड़ पर पहुंचकर उत्तर में भगत सिंह सर्किल पर आकर पश्चिम में नगर पालिका पिलानी की सीमा के सहारे–सहारे जालू वाला कुंआ के पास आकर उत्तर में चलकर नगर पालिका पिलानी की सीमा को छोड़कर बिरला गेस्ट हाउस व साबू आदि को शामिल कर व बांये हाथ की आबादी को शामिल कर खद्दर स्कूल को शामिल कर पश्चिम दिशा में घूम कर पाडिया स्कूल को शामिल कर नगर पालिका पिलानी की सीमा के सहारे – सहारे बांये हाथ की आबादी को शामिल कर वापस प्रारम्भिक बिन्दू पर। |
| 19 | 19. | सुभाष कपूर के मकान से दक्षिण में चलकर दुर्गा मन्दिर को शामिल कर जखोड़िया पार्टी से नगर पालिका पिलानी की सीमा के सहारे–सहारे उत्तर में चलकर घनश्याम गढ़वाल के मकान तक एंव उक्त मकान को शामिल कर दक्षिण में चिरंजीलाल के मकान को शामिल करते हुए प्रारम्भिक बिन्दू तक। |

Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 20 | 20. | नगर पालिका की उत्तरी सीमा से महिपाल सुबेदार के मकान से दक्षिण में चलते हुए राजगढ रोड पर पहुँचकर पूर्व में चलते हुए बांए हाथ की आबादी को शामिल करते हुए राजगढ रोड़ रोड़ त्रिवेणी प्याऊ, त्रिवेणी प्याऊ से नगर पालिका सीमा के सहारे सहारे उत्तर में चलते हुए सीमा सीमा पश्चिम में मुडकर सीमा चलते हुए बाएँ हाथ की आबादी बिजली बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र को शामिल करते हुए प्रारम्भिक बिन्दु तक। |
| 21 | 21 | शक्तिमान मास्टर के घर से राजगढ़ रोड़ से होते पश्चिम सीमा की तरफ नगर पालिका सीमा तक दायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए पूर्व की तरफ श्याम जी मास्टर के मकान को शामिल करते हुए दक्षिण में प्रारम्भिक बिन्दू तक। |
| 22 | 22 | सामुदायिक भवन से पूर्व में चलकर BITS की दीवार के सहारे–सहारे उत्तर में चलकर घुमनसर रास्ते–रास्ते पश्चिम मे चलकर पालिका सीमा तक दक्षिण में सीमा के सहारे–सहारे महेश सोनी के मकान को दाहिने तरफ छोड़ते हुए बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए प्रारम्भिक बिन्दू तक। |
| 23 | 23 | पूजा धर्म कांटे से दक्षिण पूर्वी कोने से उत्तर दिशा में सुनील पाण्डे के मकान को शामिल करते हुए पश्चिम में घुमकर राजगढ़ रोड़ पर आकर उत्तर में घुमकर बजरंग टेलर से पिलानी सीमा के सहारे–सहारे उत्तर में चलते हुये त्रिवेणी प्याऊ तक एंव वापस राजगढ़ रोड़ पर दक्षिण में चलकर वार्ड न. 11 की सीमा के सहारे–सहारे निवास खाती के नोहरे को शामिल कर पश्चिम में मुड़कर प्रेम सिंह के मकान को शामिल कर दक्षिण में केशर देव के मकान को शामिल कर पूर्व में मुड़कर बस स्टेण्ड को शामिल कर प्रारम्भिक बिन्दू तक। |
| 24 | 24 | पिलानी सीमा को छोडते हुए महादेवी सिंघी नेत्र चिकित्सालय को शामिल करते हुए पूर्व में पिलानी सीमा को छोडते हुए जेस नाई की प्याऊ से होते हुए बाएं हाथ की आबादी को शामिल करते हुए डाडा पेट्रोल पम्प को शामिल करते हुए चन्द्र भवन कोठी के पास से प्रारम्भिक बिन्दू तक। |
| 25 | 25 | झेरली रोड़ पर चांवला के पुराने मकान से पूर्व में सीधे चलते हुए बी.टी.टी.आई. की दीवार के सहारे सहारे पूर्व में चलते हुये बी.टी.टी.आई.के उत्तरी पूर्वी कोने से सीधे सीधे उत्तर मे रास्ते रास्ते बनवारी खाती के मकान को दाहिने छोड़ते हुए पश्चिम में घुमकर सार्वजनिक कुएं तक से प्रारम्भिक बिन्दू तक। |

उपरोक्त तालिका के अनुरूप वार्डों के पुनर्गठन के प्रस्ताव तैयार किये जाकर सर्वसाधारण की सूचना के लिये प्रकाशित किये जा रहे है, जिस किसी भी व्यक्ति को नवगठित वार्डों के पुनर्गठन एंव पुनर्सीमांकन के संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह दिनांक 05.07.2019 से 15.07.2019 तक कार्यालय समय में मध्य अपनी आपत्ति लिखित रूप में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका विद्या विहार पिलानी को प्रस्तुत सकेगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका विद्या विहार पिलानी
दिनांक:–03.07.2019

कमांक:– न0पा0वि0वि0/918-20

प्रतिलिपि प्रकाशनार्थ :–

1. सम्पादक दैनिक भास्कर को भेजकर लेख है कि उक्त आपत्ति विज्ञप्ति को प्रकाशन कर मय अखबार बिल प्रस्तुत करें।

Scanned by CamScanner

2. सम्पादक सीमा सन्देश भेजकर लेख है कि उक्त आपत्ति विज्ञप्ति को प्रकाशन कर मय अखबार बिल प्रस्तुत करें।
3. सुरक्षित पत्रावली।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका विद्या विहार पिलानी

Scanned by CamScanner